an>

title: Need to commence project Rhino to conserve and protect Rhinos in the country.

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। भारत सरकार ने प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफेंट दो स्कीम्स चलाई, जो बहुत ही सफल रह चुकी हैं। टाइगर और एलीफेंट की पोचिंग पर इन्होंने बहुत ध्यान आकर्षण किया है और बहुत काम कर रहे हैं, लेकिन भारत के स्वाभिमान और खासकर असम के स्वाभिमान के साथ एक और जानवर जुड़ा है, वह है राइनो, जो बहुत सालों से पोचिंग के प्रति वलनेरेबल है। हाल ही में जो असम में बाढ़ आई, उसमें लगभग चालीस राइनो की मृत्यु हो चुकी है।

मेरी सिर्फ इतनी ही अपील है कि जिस प्रकार से प्रोजेक्ट टाइगर है, जिस प्रकार से प्रोजेक्ट एलीफेंट है, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस प्रोजेक्ट राइनो का एक स्पेशल फंड बनाकर राइनो कंजर्वेशन और राइनो कोरीडोर्स के लिए निर्माण का काम करे।

माननीय अध्यक्ष :

कुमारी सुष्मिता देव,

श्री शरद त्रिपाठी और

श्री राजीव सातव को श्री गौरव गोगोई द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।